# नवीकरणीय ऊर्जा में राजस्थान समूचे देश में अग्रणी

## चर्चा में क्यों?

2 अप्रैल, 2022 को राजस्थान ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव व चेयरमैन आरआरईसी (राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम) डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान 10 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता विकसित करने वाला देश का पहला प्रदेश बन गया है।

## प्रमुख बिंदु

- डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि केंद्र सरकार के नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार देश में 49,346 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता विकसित में राजस्थान 10,506 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता विकसित कर समूचे देश में शीर्ष पर आ गया है।
- केंद्र द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार 7,534 मेगावाट क्षमता के साथ कर्नाटक दूसरे और 6,309 मेगावाट क्षमता के साथ गुजरात तीसरे स्थान पर है।
- डॉ. अग्रवाल ने बताया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में 3,000 मेगावाट क्षमता से अधिक क्षमता विकसित की जा चुकी है, जबकि पिछले तीन सालों में प्रदेश में 6,552 मेगावाट क्षमता विकसित हुई है।
- रूफटॉप में भी राजस्थान तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। 10,506 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता में 9,542 मेगावाट क्षमता ग्राउंड माउंटेड, 668 मेगावाट रूफटॉप और 296 मेगावाट सौर ऊर्जा ऑफग्रिड क्षेत्र में विकसित की गई है।
- गौरतलब है कि हाल ही में किये गए एमओयू व एलओयू समझौतों से राजस्थान अब देश के सबसे बड़े सोलर हब के रूप में विकसित होने जा रहा है। प्रदेश में इन्वेस्ट राजस्थान के तहत किये गए एमओयू एलओआई में से 8 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू एलओआई केवल ऊर्जा क्षेत्र में ही हस्ताक्षरित हुए हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-tops-in-renewable-energy-production